# उन्नाव में लगेगा प्रदेश का पहला कैन निर्माण संयंत्र

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। पोलैंड की कंपनी कैनपैक के लिए उन्नाव में प्लांट लगाने का रास्ता साफ हो गया है। प्लांट की स्थापना के लिए कंपनी को जमीन आवंटन पत्र सौंप दिया गया है। यह प्रदेश की पहली कैन निर्माण इकाई होगी। कंपनी का महाराष्ट्र के बाद यह दूसरा संयंत्र होगा। 65 एकड़ जमीन में बनने वाला प्लांट 5000 से ज्यादा लोगों को रोजगार देगा।

प्रदेश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के साथ विदेशी कंपनियों की इकाइयां तेजी से स्थापित हो रही हैं। इसी क्रम में पोलैंड की बहुराष्ट्रीय कंपनी कैनपैक उन्नाव में कैन निर्माण का संयंत्र स्थापित कर रही है। गंगा एक्सप्रेसवे के नजदीक उन्नाव में सराय कटिया में प्लांट लगेगा। इस इकाई में शीतल पेय, बियर, एनर्जी ड्रिंक सहित अन्य पेय पदार्थों में इस्तेमाल होने वाले कैन का निर्माण होगा।

## पोलैंड की कंपनी करेगी स्थापित, 5000 से ज्यादा को मिलेगा रोजगार

## शीतल पेय, एनर्जी ड्रिंक आदि के कैन बनेंगे

**1300 करोड़ का होगा निवेश**

इस परियोजना पर 1300 करोड़ रुपये का निवेश होगा। यूपीडा ने उन्नाव में जमीन उपलब्ध करवाई है, जिसका आवंटन पत्र कंपनी को दे दिया गया। कैन संयंत्र की स्थापना के साथ ही उन्नाव मे गंगा एक्सप्रेसवे के नजदीक कम से कम 100 नई छोटी इकाइयों का भी जन्म होगा। इन इकाइयों से 10 हजार लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है।